दैनिक प्रातः कालीन हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 294 मुरादाबाद, 21 February 2023 (Tuesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## जेपी नड्डा बोले- कांग्रेस, शिवसेना सहित सभी राजनीतिक दल वंशवादी, सिर्फ भाजपा ही खुद में एक परिवार

नड्डा ने कहा कि हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं। अपने राजनीतिक अनुभव से मैं कह सकता हूं कि देश में भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसकी वैचारिक पृष्ठभूमि है। जो कैडर आधारित (पार्टी) है। हमारे पास ही बड़ी संख्या में समर्थक हैं। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सोमवार को विपक्ष को जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि देश में केवल भाजपा ही वैचारिक पृष्ठभूमि वाली और कैडर आधारित पार्टी है। बड़ी संख्या में हमारी पार्टी के पास ही समर्थक भी हैं। उन्होंने कहा कि देश में कांग्रेस, शिवसेना सहित अन्य सभी राजनीतिक दल




परिवारवादी या वंशवादी हैं। सिर्फ भाजपा ही खुद में एक परिवार है। नड्डा ने कहा कि हम भाजपा के कार्यकर्ता हैं। अपने राजनीतिक अनुभव से मैं कह सकता हूं कि देश में भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जिसकी वैचारिक पृष्ठभूमि है। जो कैडर आधारित (पार्टी) है। हमारे पास ही बड़ी संख्या में समर्थक हैं। उन्होंने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी द्वारा दी गई हमारी विचारधारा का पालन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छह अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया, यही भाजपा की वैचारिक मजबूती है।

भाजपा प्रमुख ने कहा कि देश में कोई भी राजनीतिक दल लंबे समय तक एक विचाराधारा से जुड़ा हुआ नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दल परिवारवादी या वंशवादी दल हो गए हैं। उन्होंने वंशवादी राजनीतिक दलों के नाम गिनाते हुए आरोप लगाया कि किसी भी पार्टी का नाम लीजिए, आप देखेंगे कि वह एक परिवारवादी पार्टी है। कांग्रेस भी परिवारवादी पार्टी है क्योंकि मां, बेटा और बेटी, सभी कार्य समिति के सदस्य हैं। इससे पहले, दिन में नड्डा उडुपी स्थित श्री कृष्ण मठ गए। बूथ कमेटी सम्मेलन में उनके साथ भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष नलिन कुमार कटील, राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि, केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे भी थीं। कर्नाटक में मई तक विधानसभा चुनाव होने हैं।

## युद्ध के बीच पहली बार कीव पहुंचे राष्ट्रपति जो बाइडन, कहा- हम यूक्रेन के साथ खड़े हैं

कीव, एजेंसी। रूस-यूक्रेन युद्ध को एक साल हो गया है। ऐसे में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन युद्ध के बीच यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन पहली बार यूक्रेन पहुंचे हैं।रूस-यूक्रेन युद्ध के एक साल पूरे होने से ठीक पहले बाइडन यूक्रेन पहुंचे। बाइडन को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ सेंट माइकल गोल्डन-डोम मठ के बाहर देखा गया। बता दें कि जब बाइडन यूक्रेन कीव पहुंचे तो वहां की सुरक्षा काफी कड़ी कर दी गई। कार यातायात रोक दिया गया। सड़कों पर पैदल चलने वाले लोगों को भी रोक दिया गया। जानकारी के मुताबिक, यूक्रेन की सीमा के पास भारी अमेरिकी सुरक्षा तैनात की



गई है। इससे पहले अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने मई में मदर्स डे पर पश्चिमी यूक्रेन का औचक दौरा किया था।

### यूक्रेन को मुहैया कराएंगे हथियार- जो बाइडन

यूक्रेन दौरे पर पहुंचे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि यूक्रेन के लोगों की रक्षा के लिए हम सैन्य उपकरण मुहैया कराएंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका कीव के साथ आखिरी समय तक खड़ा रहेगा

### अमेरिकी राष्ट्रपति की यूक्रेन यात्रा बहुत महत्वपूर्ण

वहीं, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिकी राष्ट्रपति का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन की यात्रा यूक्रेन के सभी लोगों के समर्थन के लिए बेहद महत्वपूर्ण संकेत है।

### रूस-यूक्रेन युद्ध को एक साल हुआ

उल्लेखनीय है कि रूस-यूक्रेन के बीच 24 फरवरी 2021 में युद्ध शुरु हुआ था। एक साल बाद भी दोनों देशों के बीच युद्ध जारी है।

इस युद्ध में अब तक हजारों लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है, जबकि लाखों लोगों पर युद्ध का असर पड़ा है। वहीं, अमेरिका समेत कई यूरोपीय देशों से यूक्रेन को सैन्य मदद लगातार पहुंचाई गई है।

## राज्यपाल के अभिभाषण के बीच सपा विधायकों ने किया हंगामा, सदन कल तक के लिए स्थगित

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि अगर कोई तीथि महत्वपूर्ण लगती है तो हम शनिवार को भी चर्चा करने के बारे में सोचेंगे। हम इसे एक अच्छी बहस का मंच बनाए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता के लिए 22 फरवरी को सदन में बजट प्रस्तुत होगा। बजट पर दोनों सदनों में चर्चा होने के बाद इसे पारित किया जाएगा। यूपी में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सोमवार को विधान मंडल के दोनों सदनों को संबोधित किया। राज्यपाल के अभिभाषण के साथ ही बजट सत्र का आगाज हो गया। सत्र के पहले दिन विपक्ष ने जमकर हंगामा किया और अभिभाषण के दौरान %राज्यपाल गो बैक% के नारे लगाए। हालांकि, राज्यपाल ने हंगामे के बावजूद अपना अभिभाषण पूरा किया। नारेबाजी करते हुए सपा विधायक सदन के वेल में आ गए। राज्यपाल के अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। राज्यपाल ने कहा कि मेरी सरकार जन आकांक्षाओं की पूर्ति कर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के लक्ष्य को रखते हुए सभी वर्गों की उन्नति, कल्याण व सर्वांगीण विकास के लिए कृत संकल्पित है। युवा, महिला, किसान और व्यापारी सभी शीर्ष पर हैं। राज्यपाल ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस-23) में यूपी को 33.52 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह दर्शाता है कि उत्तर प्रदेश निवेशकों की नजर में भी सर्वश्रेष्ठ है। %निवेश के महाकुंभ% में यूपी को सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि दुनिया से



भी निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। इससे लगभग 94 लाख युवाओं को रोजगार मिलेगा। राज्यपाल ने बताया कि यूपी को तृतीय राष्ट्रीय जल पुरस्कार में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। उत्तर प्रदेश खाद्यान्न, गन्ना, आलू, सब्जियों, फलों व एथेनॉल उत्पादन में भी देश में प्रथम स्थान पर है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत कुल 52.77 लाख आवास स्वीकृत हुए हैं। गरीबों के आवास बनाने में प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। इनमें से 39.66 लाख आवास पूर्ण भी हो चुके हैं। सदन की कार्यवाही शुरू होने से पहले ही समाजवादी पार्टी के विधायकों ने राज्य विधानसभा के बाहर राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। सपा विधायक शिवपाल सिंह यादव के नेतृत्व में धरने पर बैठ गए हैं। विधानसभा मार्शल ने मीडिया को हटने के लिए कहा है। इस दौरान मीडियाकर्मियों से धक्कामुक्की भी हुई। विधानभवन के बाहर सपा विधायक तख्तियां लेकर धरने पर बैठे रहे और नारेबाजी की। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रदेश स्तरीय जियो मनरेगा को प्रथम स्थान प्रदान किया गया है। - 2020-2021 में जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा मनरेगा योजनान्तर्गत नदियों के पुनरूद्धार हेतु जल संचयन व संरक्षण में प्रदेश के कई जनपदों को प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्रदान किया गया है। - पूर्वांचल के पिछड़े जनपदों के समग्र विकास हेतु जनपद लखनऊ से गाजीपुर तक 340.82 कि.मी. लम्बे पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तथा बुन्देलखंड क्षेत्र के समग्र विकास हेतु जनपद चित्रकूट से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे तक 296.07 कि0मी0 लंबे बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। प्रधानमंत्री जी ने इसे नागरिकों को समर्पित भी कर दिया है। - राज्यपाल ने कहा कि गोरखपुर से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक 91.35 कि0मी0 लम्बे गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे तथा जनपद मेरठ से प्रयागराज तक 594 कि0मी0 लम्बे गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य गतिमान है। - उत्तर प्रदेश डिफेन्स इण्डस्ट्रियल कॉरिडोर के अंतर्गत अलीगढ़, आगरा, झाँसी, चित्रकूट, कानपुर एवं लखनऊ नोड्स में रक्षा क्षेत्र से जुड़े उद्योगों की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। - यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सेक्टर-21 में लगभग 1,000 एकड़ भूमि पर फिल्म सिटी का निर्माण प्रक्रियाधीन है। इससे 10 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश की संभावना है। - सरकार द्वारा वर्ष 2017 से अब तक 118 ब्लाक मुख्यालयों तथा 26 तहसील मुख्यालयों को 2-2 लेन के संपर्क मार्गों से जोड़ा जा चुका है। इसके अतिरिक्त 07 अंतरराष्ट्रीय सीमा तथा 68 अंतरराज्यीय मार्गों को 02 लेन में चौड़ा किया गया है। सभी जिला मुख्यालयों को 04-लेन के सम्पर्क मार्गों तथा तहसील व ब्लाक मुख्यालय को 02 लेन संपर्क मार्ग से जोड़ने का कार्य प्रगति पर है।- राज्यपाल ने बताया कि 188 दीर्घ सेतु, पहुँच मार्ग सहित 574 लघु सेतु एवं 74 रेल उपरिगामी सेतुओं का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। 291 दीर्घ सेतु, 760 लघु सेतु एवं 140 रेल उपरिगामी सेतु, कुल 1191 सेतु निर्माणाधीन हैं। औसतन प्रत्येक 03 तीन दिन में एक सेतु का निर्माण पूर्ण किया जा रहा है। वर्ष 2012 से 2017 के मध्य प्रतिवर्ष 118 के सापेक्ष वर्ष 2017 से अब तक प्रतिवर्ष 145 सेतुओं का निर्माण किया जा रहा है। 01 लाख से अधिक टी0वी0यू0 वाले सभी लेवल क्रॉसिंग पर भविष्य में आर0ओ0बी0 का निर्माण प्रस्तावित है। - राज्यपाल ने अभिभाषण में कहा कि 2017 तक प्रदेश में 02 एयरपोर्ट पूर्ण रूप तथा 02 एयरपोर्ट आंशिक रूप से क्रियाशील थे। अब 09 एयरपोर्ट पूर्ण रूप से क्रियाशील हैं। 10 एयरपोर्ट का कार्य चल रहा है तथा कुछ वर्षों में 21 एयरपोर्ट के साथ यूपी देश में सर्वाधिक एयरपोर्ट वाला राज्य हो जाएगा। - प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022-2023 में 5,772 इकाइयों की स्थापना हेतु कुल 3003 लाभार्थियों को रू0 9,765.83 लाख मार्जिन मनी प्रदान करते हुए 24,024 व्यक्तियों को रोजगार उपलब्ध कराया गया।

## निवेश को जमीन पर उतारने के लिए काम शुरू, शहरी क्षेत्रों में 634 हेक्टेयर का लैंडबैंक तैयार

वैश्विक निवेशक सम्मेलन में आए निवेश के प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए लैंडबैंक तैयार है। इस संबंध में शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है।वैश्विक निवेशक सम्मेलन (जीआईएस) में मिले प्रस्तावों को जमीन पर उतारने के लिए तेजी से काम शुरू हो गया है। आवास विभाग ने इनके आधार पर भूमि उपलब्ध कराने के लिए अब तक 634.449 हेक्टेयर का लैंडबैंक तैयार किया है। जरूरत के मुताबिक यह भूमि निवेशकों को उपलब्ध कराई जाएगी। जीआईएस में होटल, लॉजिस्टिक, पर्यटन जैसे सेक्टर में निवेश के बड़े प्रस्ताव आए हैं। ये ऐसे सेक्टर




हैं, जिसके निवेशकों को शहरी क्षेत्र में ही जमीन की जरूरत होगी। इसके मद्देनजर ही सरकार ने सम्मेलन के पहले से ही आवास एवं नियोजन विभाग को आवास विकास परिषद और विकास प्राधिकरणों को लैंडबैंक तैयार करने को कहा था।प्रमुख सचिव आवास एवं नियोजन नितिन रमेश गोकर्ण ने सभी विकास प्राधिकरणों को लैंडबैंक तैयार कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इसी क्रम में अब तक आवास विकास परिषद समेत 14 विकास प्राधिकरणों ने उपलब्ध 634.449 हेक्टेयर भूमि के बारे में रिपोर्ट शासन को भेज दी है। उधर, आवास विभाग भी इस उपलब्धता के मुताबिक सेक्टरवार निवेशकों को भूमि आवंटन की प्रक्रिया तैयार करने में जुट गया है। आवंटन का प्रस्ताव तैयार करके जल्द ही मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जाएगा। इन सेक्टरों को दी जाएगी भूमि - ट्रांसपोर्ट, होटल, सीएनजी फिलिंग स्टेशन, सिटी क्लब, स्कूल, ग्रुप हाउसिंग, सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल, नर्सिंगहोम, सेंटर प्लाजा। - नीलामी के आधार पर इन्हें जमीन दी जाएगी। शहरी क्षेत्र की जमीन होने की वजह से कीमत अधिक होगी और भूमि की व्यवस्था के लिए किसानों से बातचीत की जा रही है।

## राजाभैया की पत्नी ने अक्षय प्रताप सहित पांच पर दर्ज कराया केस, धोखोधड़ी और जालसाजी का आरोप

कुंडा के विधायक और सूबे के पूर्व कैबिनेट मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजाभैया की पत्नी भानवी कुमारी ने राजाभैया के बेहद करीबी और एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह सहित पांच लोगों के खिलाफ नई दिल्ली के आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) थाने में धोखाधड़ी और जालसाजी सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है। कुंडा के विधायक और सूबे के पूर्व कैबिनेट मंत्री रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजाभैया की पत्नी भानवी कुमारी ने राजाभैया के बेहद करीबी और एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह सहित पांच लोगों के खिलाफ नई दिल्ली के आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्लू) थाने में



धोखाधड़ी और जालसाजी सहित कई धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया है। उन्होंने सीआरपीसी 420, 467, 468, 471,109 और 120 बी के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

### राजाभैया के बेहद खास हैं अक्षय प्रताप

विधान परिषद सदस्य अक्षय प्रताप सिंह रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजाभैया के बेहद खास हैं। अक्षय प्रताप सिंह तीन बार से एमएलसी हैं और एक बार प्रतापगढ से सांसद भी रह चुके हैं। वह राजाभैया के रिश्तेदार भी हैं।

## मायावती बोलीं, राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की विफलताओं पर पर्दा डालने वाला

बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने विधानमंडल के दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित किया। उनके अभिभाषण के दौरान विपक्ष के लोग लगातार हंगामा और नारेबाजी करते रहेबसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी में बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल द्वारा दिया गया भाषण राज्य सरकार की विफलताओं पर पर्दा डालने का एक निरर्थक प्रयास है।उन्होंने उन्होंने ट्वीट के जरिए कहा कि यह अभिभाषण लोगों को त्रस्त करती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ेपन व अशांत माहौल आदि के खास मामलों में सरकार द्वारा



विफलताओं पर पर्दा डालने की का निरर्थक प्रयास है।उन्होंने कहा कि यूपी में सत्ता भोगी तत्वों को छोड़कर सरकारी दावों के विपरीत आज हर वर्ग सरकार की नीतियों से पीड़ित और दुखी है। लोगों को उनका हक व इंसाफ नहीं मिल पाना सरकार की सबसे बड़ी विफलता है। सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए।

## संपादकीय Editorial

# Foreign face of Modi protest

George Soros, an American businessman of Hungarian origin, has basically been a staunch opponent of Prime Minister Modi and the BJP. The current mess and crisis in the Adani group is just a façade. In his guise, Soros is targeting Prime Minister Modi. They have not just launched a campaign against the Prime Minister of India, but have been continuing this since 2014 in a piecemeal manner. It is surprising that the American businessman has raised questions on India's democracy. Who is he to judge our democracy? The thinking, prejudice and propaganda of this 92 year old leftist are very dangerous, because he has been making a dent in some sections of India itself, urban Naxalites and leftist intellectuals. Helps them financially and gives 'air' to the campaigns against Prime Minister Modi. His organizations have been doing such anti-national, subversive activities in about 70 countries.

George wants to dictate the course of the world according to his own mind. If you can't call it a fad, then what else? Soros is planning to oust Modi and BJP from power by influencing the 2024 election mandate. It believes that if there is a change of government in 2024 and the opposition coalition, including the Congress, gets a mandate, then there can be a resurgence of democracy in India. Our question is what has happened to democracy in India? What are its troubles and challenges? Is there any scope for revival of democracy in India? However, if American businessmen worth Rs 70,000 crore and their NGOs, being active in India, create any conspiracy against India or give 'air' to bad propaganda, then why can it be tolerated at the government level? Or what is the need for so much democratic flexibility and humility? Soros's NGO is 'Open Society Foundation.' It was established in 1993, but entered India only in 1999. In 2016, the Modi government had placed this NGO on the 'watch list' because the organization was facing serious allegations of destabilizing India. Unfortunately and the irony is that the anti-India reports or indices which have been prepared with the intervention of George Soros are immediately seized upon by the Congress in India and then a campaign of disinformation is launched. A French organization 'Sherpa' exposed corruption in the Rafale aircraft deal, on the basis of which the then Congress President Rahul Gandhi campaigned for the 2019 general elections - 'Chowkidar Chor Hai.' Soros is the main financial source of 'Sherpa' Is. During the recent 'Bharat Jodo Yatra' of the Congress, Salil Shetty, Vice President of George's NGO was also seen walking with Rahul Gandhi. Prior to this, Salil was the Secretary General of Amnesty International in India. The government shut down that organization due to anti-India activities, but what is the meaning of Salil's presence with Rahul Gandhi? However, almost a year before the general elections, these anti-India activities have come to the fore, which should be opposed by all citizens.

क्यूँ न लिखूँ सच बिना किसी सिक्यूरिटी के डेली अखबार आवश्यकता है
KNLS लाइव
सभी जिले में ब्यूरो, स्थानीय रिपोर्टर, विज्ञापन प्रतिनिधि की
क्यूँ न लिखूँ सच 9027776991
KNLS LIVE न्यूज चैनल और दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच ज्वाइन कीजिये
*वेलकम किट लेना अनिवार्य है

# Clash between students in AMU over Swara and Fahad's marriage! Said- no entry of tukde-tukde gang


Recently, controversy seems to be increasing among the students on the request of Swara Bhaskar to give a wedding party in AMU. Alumni Union Vice President said that Swara Bhaskar has instigated the people of India on CAA and NRC. Bollywood actress Swara Bhaskar has recently done a court marriage with Samajwadi Party leader Fahad Ahmed. Whose pictures he had surprised everyone by putting on social media. Swara got married in a very simple way leaving luxury



things. After the marriage of the actress, all the celebs have congratulated her, including the name of Kangana Ranaut. At the same time, some people are constantly raising questions on Swara's marriage. Recently, controversy seems to be increasing among the students on the request of Swara Bhaskar to give a wedding party in AMU. Alumni Union Vice President said that Swara Bhaskar has instigated the people of India on CAA and NRC. Actually Swara Bhaskar's husband Fahad Ahmed is an alumnus of Aligarh Muslim University. This is the reason why the discussions of Swara's marriage are in full swing there. Meanwhile, after the marriage of Swara Bhaskar, Aligarh Muslim School's alumni union president Faizul Hasan invited Swara and Fahad to come to the university after marriage. Now there seems to be a growing conflict between the students between giving wedding parties. In this matter, the vice-president of the Alumni Association says that Nadeem Ansari says that these people belong to the Tukde-Tukde gang and we will not allow them to enter the AMU. Will give He says that Swara Bhaskar has misled the Muslims of the country regarding CAA and NRC. Nadeem says that the university has not invited anyone, and why would the university invite anyone. He said that Swara and Fahad's marriage is his personal issue and people like Swara Bhaskar are anti-Indian. He said that Faizul Hasan had given such a statement to shine his politics. They are inviting them and we will not allow them to enter the university.

# Seeing the behavior of Shahrukh Khan's darling, people got angry, netizens showered taunts by commenting

Aryan Khan, the eldest son of King Khan, often remains in the headlines. Aryan Khan has remained in everyone's eyes since getting caught in the drugs case. Today once again he is being trolled for his behaviour. Everyone keeps an eye on every little thing related to the



King of Bollywood, Shah Rukh Khan. When it comes to their kids, everyone is curious to know everything about Aryan, Suhana and AbRam. While Shah Rukh is currently garnering accolades from his fans across the world for his film 'Pathan', his darling Aryan Khan has once again come under attack from trolls for his behaviour.King Khan's eldest son Aryan Khan often remains in the headlines. Aryan Khan has remained in everyone's eyes since getting caught in the drugs case. Where earlier everyone used to clamor to catch a glimpse of him, now he is often targeted by people for his behavior in front of the media. Recently Aryan Khan was spotted by the media, a video of which is becoming increasingly viral on social media. During this, once again Aryan Khan is being trolled fiercely for his attitude. Aryan Khan is making headlines due to his latest video. In this video shared by Viral Bhayani, Aryan is seen getting down from the car. As soon as King Khan's darlings get down from the car, the media shouts at them and requests them to stop. But Aryan goes ahead ignoring everyone and this behavior of his has once again brought him on everyone's target. People are questioning Aryan's attitude by commenting on the video. Not only this, he is also very angry with King Khan's son. Social media users are getting angry by commenting on this video of Aryan Khan. One user commented and wrote, 'Why is there so much attitude in this, it is not Shah Rukh Khan.' Another wrote, 'Apart from spending Papa's money and going to parties, what work does Aryan Bhai do?' At the same time, many other people are also advising Shahrukh that he should now teach Aryan how to live in the industry.

# 'Nothing can happen if there is money..', netizens enjoyed watching Salman-Akshay dance at the wedding

This viral video of Salman Akshay is from a grand wedding in Delhi, in which Salman and Akshay performed. After this the users trolled him saying that nothing has to be done for money. Bollywood superstars Dabangg Khan i.e. Salman Khan and Akshay Kumar often remain in headlines. Both are one of the biggest actors of Bollywood. Wherever Salman Akshay goes, he creates havoc. These days Akshay Kumar is busy promoting his film Selfie, while Salman Khan is also in headlines for Tiger 3. Meanwhile, a video of both the artists is going viral on social media. In this video, Salman and Akshay are seen dancing together. Users are trolling him fiercely on this dance video of him. Salman Akshay danced fiercely Actually, this viral video of Salman Akshay is from a grand wedding in Delhi, in which Salman and Akshay performed. Both the actors are seen dancing with full energy. At the same time, Manish Paul hosted the event of this grand wedding. Salman Akshay appeared dancing on his own songs. Salman Khan looked handsome as always in a black shirt and black pants. At the same time, Akshay Kumar appeared in purple colored kurta pajama. Akshay also promoted his upcoming film Selfie with a dance performance. Users trolled Salman Akshay- Users are constantly making fun of both of them on social media. Out of which one user commented – .Ye ki ki shaadi hai in which Akshay and Salman were made to dance. Another user wrote – Lol, what are you not going to do for money. Another user wrote that they have to earn money by dancing even in private weddings. At the same time, another user wrote – Paisa Hi Paisa Hoga, kitna hoga who called these two together. Similarly, users were seen trolling Salman and Akshay. Most of the users linked him and his dance performance with money. On which .users say that if there is money then nothing can happen. However, a fan of Salman being disappointed wrote, what was the need, Salman Bhai.



# डीएम-एसएसपी ने किया जिला कारागार का औचक निरीक्षण



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीणा द्वारा संयुक्त रुप से जिला कारागार का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने जिला कारागार में अधिकारियों एवं बंदियों हेतु निर्माण कराये गये शौचालय का भी लोकापर्ण किया। जिलाधिकारी को भ्रमण के दौरान कारागार में ठीक स्थिति पायी गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि जिन कार्यो में सुधार की जरुरत है उनको सुधारने हेतु संबंधितों को निर्देशित किया गया है। जिला कारागार की प्रत्येक एक्टिविटी पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि औचक निरीक्षण का उद्देश्य ही यही है कि कोई कमी है तो समय रहते दुरस्त किया जा सके।इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना, उप निदेशक प्रोबेशन राजेश चन्द्र गुप्ता, अधीक्षक जिला कारागार आदि उपस्थित रहें।

# 90 युवाओं से 2.7 करोड़ की ठगी, पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर की शिकायत




निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-एटा के अलीगंज ब्लॉक में नौकरी के नाम पर 90 युवाओं से 2.7 करोड़ की ठगी, पीड़ितों ने थाने में तहरीर देकर की शिकायत। यूपी के एटा ज़िले में नौकरी के नाम पर 90 युवाओं से 2.7 करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है,

नौकरी न लगने पर युवाओं ने रुपए वापस मांगे तो ठगों ने रुपए भी वापस नहीं दिए हैं, वहीं ठगों में एक महिला का नाम भी शामिल है। एटा ज़िले के अलीगंज ब्लॉक में नौकरी के नाम पर 2.7 करोड़ का मामला सामने आने से सनसनी फ़ैल गई है, एक दिन 19 शिकायतें अलीगंज कोतवाली में ठगी करने वालों के विरुद्ध पहुंचीं हैं। एटा ज़िले की कोतवाली अलीगंज के गांव नगला मधई निवासी नेपाल सिंह पुत्र धर्म सिंह कस्बा में लोकवाणी केंद्र चलाते हैं, इसी के पास आजम खां नाम का व्यक्ति आकर बैठता था,यह एक एनजीओ चलाने की बात कहता था,पीड़ित के अनुसार जल मिशन के तहत हर गांव में पानी की ओवरहैंड टैंक बनाए जा रहे हैं,इन पर दो-दो ऑपरेटर, एक महिला स्वास्थ्य कर्मी और सुपरवाइजर की नियुक्ति ब्लॉकों पर होगी जो उसके माध्यम कराई जाएंगी,रिपोर्ट आर.बी. द्विवेदी एटा

# नशीला पदार्थ खिलाकर किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म, नाबालिग को नुमाइश दिखाने ले गई थी महिला

लवकुश ठाकुर

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ- अलीगढ़ गांधीपार्क थाना क्षेत्र की किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोप है कि मुहल्ले की ही महिला किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गई थी। नशीला पदार्थ खिलाकर किशोरी के साथ गलत काम किया गया। इसे लेकर रविवार को गुस्साए लोगों ने हंगामा किया।

## नुमाइश दिखाने ले गई थी महिला

पुलिस की जांच में सामने आया कि महिला नुमाइश दिखाने के लिए किशोरी को ले गई थी। उसके खिलाफ बहला-फुसलाकर किशोरी को ले जाने का अभियोग पंजीकृत किया गया है। महिला और उसके एक साथी को हिरासत में लिया गया है। यह 12 वर्षीय किशोरी शनिवार शाम सात बजे सब्जी लेने गई थी। कुछ ही दूर पर महाशिवरात्रि का कार्यक्रम चल रहा था, जिसे देखने वह रुक गई। इसी दौरान मुहल्ले की ही शारदा आ गई। वह नुमाइश दिखाने के बहाने अपने साथ ले गई। किशोरी के घर न लौटने पर स्वजन तलाश में लग गए।

## दो-तीन लड़कों को बुलाकर कराया सामूहिक दुष्कर्म

आसपास के लोगों से जानकारी मिली कि शारदा अपने साथ ले गई है। स्वजन ने उसे फोन किया तो उसने किशोरी के बारे में कुछ नहीं बताया, फिर रात दो बजे उसे घर छोड़ गई। स्वजन का आरोप है कि शारदा ने किशोरी को अपने साथ रखा। उसने दो-तीन लड़कों को बुला लिया। आरोप है कि किशोरी को नशीला पदार्थ खिलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया गया। एसपी सिटी कुलदीप सिंह गुनावत ने बताया कि दुष्कर्म की बात गलत है। किशोरी का मेडिकल कराया गया है

# अधिवक्तागण वादों की प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को कडी सजा दिलायें-डीएम



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टेऊट सभागार में अभियोजन कार्यो की मासिक समीक्षा बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिलाधिकारी ने सभी तरह के वादों की समीक्षा करते हुए शासकीय अधिवक्ताओं से कहा कि वादों की प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को कडी सजा दिलायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि दायर वादों का डिस्पोजल भी बढ़ाये और सजा का प्रतिशत भी बढ़ायें। समन तामीला पर विशेष ध्यान दिया जाये। निर्णित वादों के सापेक्ष सजा कम होने पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त करते हुए वादों की ठीक प्रकार से मानीटरिंग करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि मा0 उच्च न्यायालय द्वारा भी महिला संबंधी अपराध एवं पाक्सों के मामलों को प्राथमिकता से लेने के निर्देश दिये हैं अतः मा0 न्यायालय के आदेश के अनुपालन में महिला संबंधी अपराध एवं पॉक्सों के मामलों को प्राथमिकता से लें। गवाहों की स्थिति बेहतर हों, इसके लिए विशेष प्रयास किए जाये। हमें आपस में तालमेल कर और बेहतर रिजल्ट देना है। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस दिन गवाह आये उसी दिन गवाही भी हो जाये इसका विशेष ध्यान रखा जाये तथा ऐसे केस जो जजमेंट की कगार पर हैं उन पर विशेष ध्यान देकर प्रकरण का निस्तारण करायें तथा अपराधी को सजा दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभायें। उन्होंने कहा कि निरन्तर प्रयास से ही स्थिति बदलती है और आश्वस्त किया कि पुलिस प्रशासन की तरफ से आपको अपेक्षित सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि गवाहों को होस्टाइल न होने दिया जाये। जिन वादों का डिस्पोजल हो रहा है उसमें सजाएं कम हो रही हैं। शुरु से केसों की मानीटरिंग की जाये और सजा दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाये, जितना वादों का दायरा हो रहा है निस्तारण उससे अधिक होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि किसी तरह की समस्या आ रही है तो अवगत कराये। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री हेमराज मीना, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री संदीप कुमार, संयुक्त निदेशक अभियोजन श्री ब्रजराज सिंह, डीजीसी क्रिमनल, शासकीय अधिवक्तागण एवं ए0डी0जी0सी0, एसपीओ, ए0पी0ओ0 आदि उपस्थित रहें।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# किशोरी ने खा लिया था भांग का लड्डू, छेड़छाड़

निशाकांत शर्मा-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा-मौसी-मौसा के साथ मंदिर पूजा करने गई किशोरी ने अनजाने में प्रसाद में भांग का लड्डू खा लिया। इसका फायदा उठाकर एक युवक ने उसके साथ छेड़खानी की। मौके पर पहुंचे मौसा को देख युवक भाग गया। होश न आने पर पीड़िता को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। मां ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। संवाददाता के अनुसार थाना मलावन के एक गांव निवासी एक किशोरी छह दिन पूर्व थाना सकीट के मोहल्ला निवासी मौसी के घर आई थी। शनिवार शाम को महाशिवरात्रि पर मौसी-मौसा, मौसेरी बहन के साथ मंदिर गई थी। मंदिर में प्रसाद बंट रहा था। किशोरी ने अनजाने में भांग का लड्डू खा लिया। नशा होने पर वह खेत में बैठ गई। बरथरी मलावन निवासी कुलदीप आया और उसके साथ छेड़खानी की। आरोपी के पकड़ने पर किशोरी ने शोर मचाया। शोर सुनकर मौसा पहुंच गए। मौसा को देख आरोपी भाग गया। रविवार सुबह पूरी तरह होश में आने के बाद पीड़िता ने घरवालों को घटना की जानकारी दी। पीड़िता की मां ने पुलिस को सूचना दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने किशोरी को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया है। छह दिन पूर्व मौसी के घर आई थी, मां ने सकीट पुलिस को दी सूचना शोर सुनकर मौसा पहुंच गए, उनको आता देख कर आरोपी भाग गया मेडिकल रिपोर्ट, बयानों के आधार पर बढ़ेंगी धाराएं- एसओ अनुज चौहान का कहना है कि मां ने छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता का मेडिकल कराया गया है और बयान भी दर्ज होंगे। मेडिकल रिपोर्ट व बयानों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मेडिकल रिपोर्ट का इंतजार है। किशोरी की मां की ओर से दी गई तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पीडिता से भी पूछताछ की जा रही है।-उदयशंकर सिंह, एसएसपी

# सीएमओ के निर्देशन पर सीज अस्पताल में महिला की मौत




निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- एटा में मैनपुरी लेकर आए मरीज की पूर्णागिरि हॉस्पिटल में इलाज के दौरान मौत, झोलाछाप डॉक्टर शशी कहती है अपने आपको एमबीबीएस डॉक्टर अपने हॉस्पिटल का रजिस्ट्रेशन करा कर सो जाते हैं डॉक्टर कुंभकरण की नींद किसी भी डॉक्टर के नाम से रजिस्ट्रेशन करा अपने आप को समझते हैं एमबीबीएस डॉक्टर जिस डॉक्टर के नाम से रजिस्ट्रेशन कराया जाता है वह डॉक्टर तो अपनी महीनादारी से मतलब रखता है।उसको यह नहीं पता कि उसकी छत्रछाया में अनेकों गलत काम कर करोड़ों की संपत्ति पैदा कर झोलाछाप बन रहे हैं डिग्री वाले एमबीबीएस मौत की घटना छुपाने के लिए वहां के स्टाफ ने अपने अस्पताल से मेडिकल कॉलेज खुद भेजा महिला को,तब जाकर महिला की म्रत्यु होने की परिजनों को लगी जानकारी, मृतिका सीमा के पति महेश ने अस्पताल पर लगाया लापरवाही का आरोप, घटना के बाद अस्पताल से स्टाफ हुआ फरार, सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली नगर पुलिस, कोतवाली नगर क्षेत्र के शिकोहाबाद रोड स्थित माँ पूर्णागिरि हॉस्पिटल का है पूरा मामला,

# बैरक की छत से कूदकर युवती के आत्महत्या मामले में बड़ी कार्रवाई, तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ- युवती को विजयगढ़ थाने की बैरक में रखा गया था। 10 मई की रात लगभग 9 बजे युवती महिला बैरक से नीचे कूद गई। पुलिस द्वारा उपचार के लिए जे एन मेडिकल कॉलेज भेजा गया, लेकिन इलाज के दौरान 3 दिन बाद दम तोड़ दिया था। मामले में तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। विजयगढ़ थाना में 10 मई 2022 की रात करीब 9 बजे युवती ने थाने की महिला बैरक की छत से छलांग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था। युवती बुरी तरह घायल हो गई, जिसको पुलिस ने इलाज के लिए जे एन मेडिकल कॉलेज अलीगढ़ भेजा। इलाज के दौरान 3 दिन बाद युवती ने दम तोड़ दिया, जिसमें डीएम इंद्र विक्रम सिंह के निर्देश पर एसीएम द्वितीय को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। मामले में शनिवार को थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने 3 पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। विगत 5 मई 2022 को पीड़ित बबली को महिला आरक्षी शिखा के सुपुर्द किया गया था। पीड़ित बबली को मेडिकल परीक्षण के लिए रवाना किया गया। पीड़ित बबली को मेडिकल परीक्षण कराने के बाद वन स्टप सेंटर के प्रभारी के सम्मुख पेश कर वन स्टप सेंटर में दाखिल करना था, किंतु महिला आरक्षी शिखा द्वारा बबली को वन स्टप सेंटर में न रखकर 5 मई 2022 से 10 मई तक पूर्ण मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त ना होने के कारण बताकर अवैध रूप से महिला बैरक मैं अपने साथ रखा। तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक, विजयगढ़ दयानारायण त्रिपाठी और विवेचक उपनिरीक्षक बद्रीराम को इस बात की जानकारी थी कि महिला आरक्षी शिखा द्वारा पीड़िता बबली को बैरक में रखा गया है। 10 मई की रात लगभग 9 बजे पीड़ित बबली ने महिला बैरक से नीचे कूद गई। पुलिस द्वारा उपचार के लिए जे एन मेडिकल कॉलेज भेजा गया, लेकिन इलाज के दौरान 3 दिन बाद दम तोड़ दिया। बबली के पिता पवन कुमार ने आकाश पुत्र भीकम निवासी वादामपुर पिलुआ एटा के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया था। थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह ने प्रभारी निरीक्षक दयानारायण त्रिपाठी, विवेचक उपनिरीक्षक बद्रीराम और आरक्षी शिखा के खिलाफ धारा 343 मुकदमा दर्ज किया

# लिव इन में थे दोनों, पत्नी इरम के घर शव छोड़कर भागा; पहले से हैं दो बेगम

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- बुधवार रात करीब नौ बजे अनवर ऑटो से आराधना को साथ लेकर दूसरी पत्नी इरम के घर दौलत बाग पहुंचा था। यहां आरोपी ने बताया कि आराधना बीमार है। इसके बाद वह डॉक्टर लेकर आने की बात कहकर वहां से भाग गया था। धर्म परिवर्तन के दबाव से तंग आकर आराधना ने आत्महत्या की थी। शनिवार को सिविल लाइंस पुलिस ने कार डीलर अनवर खां को गिरफ्तार कर इसका खुलासा किया। आरोपी ने पूछताछ में कबूला है कि उसने धर्म परिवर्तन के लिए आराधना पर दबाव बनाया था। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि नागफनी थानाक्षेत्र के मोहल्ला बाग गुलाब राय निवासी अनवर खां कांठ रोड पर पीएसी तिराहे के पास पुरानी कारों की खरीद-फरोख्त का काम करता है। इसके अलावा वह प्रॉपर्टी डीलिंग भी करता है। आरोपी के दफ्तर में मझोला थाना क्षेत्र के शाहपुर तिगरी निवासी आराधना ( 28 ) पुत्री योंगेंद्र रिसेप्शनिस्ट के रूप में काम करती थी।

# एटा के लाल मचा रहे है दुनिया में धमाल



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- एटा के लाल मचा रहे है दुनिया में धमाल, 2022 में इंटरनेशनल फिल्ममेकर्स के साथ एक शॉर्ट मूवी बनाई, इस फिल्म ने 3 अवार्ड जीते हैं, बेहद कम बजट 50 हजार से भी कम में ये फिल्म बनाई गई है जिसका नाम है 卐ए डॉक्टर इन छंदपुर卐 फिल्म, इस फिल्म ने नेक्सजेन इंटरनेशनल शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में 367 फिल्मों में से चयनित होकर 3 अवॉर्ड जीते हैं, पहला फाइनलिस्ट, दूसरा बेस्ट डायरेक्टर और तीसरा बेस्ट एक्टर का, इस फिल्म का चयन विदेशों में होने वाले फेस्टिवल में हो चुका है, अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, मैक्सिको और अन्य देश में भी, जल्द ही ये शॉर्ट फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी, फ्री सोल्स ओरिजिनल जो खुद अपने ही गाने बनाते हैं, उन्होंने 2022 में इंटरनेशनल फिल्ममेकर्स के साथ बनाई शॉर्ट मूवी,जिसकी चर्चा जोरों पर, इसके निर्देशक है अक्षांश सिंह, निर्माता श्रेय और लाइन निर्माता है आयुष मिश्रा जो एटा जनपद के रहने वाले है,इस फिल्म के सभी कलाकार एटा से ही है, आयुष मिश्रा, ब्रजेश मिश्रा, अशोक मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह और नीरज गुप्ता ने अपनी जबरदस्त एक्टिंग से लोहा मनवाया है, ये पूरी फिल्म एटा में ही शूट हुई है और एटा के ही फ्री सोल्स स्टूडियो ने इसको लाइन प्रोड्यूस भी किया है।

# बादरी में विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत मायके वालों ने लगाया मार पीट कर हत्या का आरोप

लवकुश ठाकुर-दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ-अकराबाद - कोतवाली क्षेत्र के गांव बादरी में की सुबह एक विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। विवाहिता के मायके वालों मारपीट कर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को सूचना दे दी। जिस पर कोतवाली से पुलिस मौके पर पहुंच गई और महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए अलीगढ़ भेजा। जनपद एटा के देहात कोतवाली नई बस्ती 12 बीघा निवासी मृतका के चचेरे भाई आकाश गोस्वामी ने बताया है। उसके ताऊ यादराम गोस्वामी ने अपनी पुत्री वर्षा की शादी फरवरी 2020 में थाना अकराबाद के गांव बादरी निवासी संजू गोस्वामी पुत्र भोले शंकर गोस्वामी के साथ अपनी सामर्थ्य अनुसार दान दहेज देकर की थी। घर पर सब कुछ सही सलामत चल रहा था। आरोप है कि इसी बीच एक दिन वर्षा की ननद घर पर आई थी कि भूल बस वर्षा ने उनके पैर नहीं छुए तो इसी बात को लेकर उसके साथ मारपीट की गई। इसी को लेकर घर में आए दिन क्लेश का बातावरण बन गया। रविवार की सुबह उसकी ससुराल से बहन वर्षा की मौत की सूचना मिली तो वह परिजनों के साथ गांव आए तो उन्हें देख ससुराली जन मौके से फरार हो गए। उनकी सूचना पर अकराबाद कोतवाली से पुलिस मौके पर पहुंच गई। और मौजूद लोगों से घटना की छानबीन की। घटना के संबंध में इंस्पेक्टर एमपी सिंह ने बताया है कि मौत का सही कारण जानने के लिए वर्षों के शव को पोस्टमार्टम के लिय भेजा गया है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# डेरा प्रमुख ने हरियाणवी में लांच किया New Song, साध संगत कर रही खूब पसंद



डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम ने अपना पांचवां सॉन्ग हरियाणवी में लांच किया है। वहीं साध संगत राम रहीम के सॉन्ग को खूब पसंद कर रही है। डेरा प्रमुख गुरमीत सिंह राम रहीम ने अपना पांचवां सॉन्ग हरियाणवी में लांच किया है। उसके इस सॉन्ग को साध संगत खूब पसंद कर रही है। बरनावा के डेरा सच्चा सौदा आश्रम में 40 दिन का पैरोल काट रहा डेरा प्रमुख ने इस बार हरियाणवी में सॉन्ग %आशीर्वाद मांओं% लांच किया है। सॉन्ग में डेरा प्रमुख शहर व गांवों के सरपंच और गणमान्यजनों से आह्वान कर रहा है

कि वो नशे से मर रहे नौजवानों को नशों से बचाकर उनकी मांओं से आशीर्वाद प्राप्त करें। बता दें कि चार मिनट और 35 सेकेंड के इस सॉन्ग में डेरा प्रमुख बता रहा है कि आज हर गांव, शहर व नुक्कड़ मोहल्ले में लड़कों के साथ-साथ लड़कियां भी नशे में डूबी हुई हैं और मौत के आगोश में जा रही हैं। सॉन्ग में वह हरियाणवी पगड़ी पहनकर कह रहा है कि किसी भी धर्म में नशा करने को नहीं कहा गया है। लेकिन फिर भी नशा बढ़ता जा रहा है, इसलिए नशा बेचने वालों का पीछा करो और पहरा लगाकर इसको रोक दो और हरियाणवी पगड़ी की लाज रख लो।

# पाइप बनाने की फैक्ट्री में चल रहा था देह व्यापार, ग्राम प्रधान का पुत्र सहित 9 गिरफ्तार,



वाराणसी के लोहता क्षेत्र के बनकट गांव स्थित सीमेंट पाइप बनाने की फैक्ट्री में पुलिस ने छापा मारा। फैक्ट्री में छह युवक और तीन युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले। वहीं, तीन अन्य युवक पुलिस को चकमा देकर भाग निकले। वाराणसी के लोहता क्षेत्र के बनकट गांव स्थित सीमेंट पाइप बनाने की फैक्ट्री में देह व्यापार का अवैध धंधा संचालित किया जा रहा था। यह खुलासा पुलिस के छापे में हुआ है। पुलिस ने मौके से तीन युवतियों और बनकट की ग्राम प्रधान के पुत्र सहित छह युवकों को गिरफ्तार किया है। प्रकरण में तीन अन्य आरोपियों की पुलिस को तलाश है। लोहता थाना प्रभारी राजकुमार पांडेय को सूचना मिली थी कि बनकट स्थित एक पाइप फैक्ट्री में देह व्यापार का अवैध धंधा संचालित किया जाता है। इस सूचना के आधार पर एसीपी रोहनिया विदुष सक्सेना के नेतृत्व में लोहता थानाध्यक्ष ने फोर्स के साथ पाइप फैक्ट्री में छापा मारा। फैक्ट्री में छह युवक और तीन युवतियां आपत्तिजनक स्थिति में मिले। वहीं, तीन अन्य युवक पुलिस को चकमा देकर भाग निकले। गिरफ्त में आए युवक और युवतियों को लोहता थाने लाकर पूछताछ की जा रही है। सभी के खिलाफ लोहता थाने में मुकदमा दर्ज कर चालान किया जाएगा। इससे पहले जनवरी माह में भट्ठी गांव स्थित एक रेस्टोरेंट में देह व्यापार और अनैतिक कृत्य की सूचना पर पुलिस ने छापा मारा था।

### चंदौली, गाजीपुर और जौनपुर की युवतियां

गिरफ्त में आए युवकों की शिनाख्त बनकट की ग्राम प्रधान के पुत्र धर्मेंद्र कुमार, कोरौती के शुभम सिंह उर्फ राहुल, चंदौली के भैनताली भरथीपुर गल्लामजी के सोनू जायसवाल, कबीरपुर के प्रेम कुमार सोनकर व मुगलसराय के आनंद नगर कालीमहल के संदीप जायसवाल और बिहार के बक्सर निवासी संजय यादव के तौर पर हुई है। वहीं, गिरफ्तार की गई युवतियां चंदौली, गाजीपुर और जौनपुर जिले की रहने वाली हैं।

### सभी आरोपियों पर लगेगा गैंगस्टर एक्ट

लोहता थाना प्रभारी ने बताया कि मौके से भाग निकले कारखाना संचालक अनुराग सिंह और उसके एजेंट गुल्लू और कलीम भी जल्द गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। सभी आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई भी की जाएगी।

### 24 घंटे के अंदर दूसरा मामला

वाराणसी में 24 घंटे के अंदर पुलिस ने दूसरी बार देह व्यापार के अवैध धंधे का भंडाफोड़ किया। नेवादा क्षेत्र की विश्वनाथपुरी कॉलोनी स्थित एक मकान में देह व्यापार के अवैध धंधे की सूचना पर शनिवार देर शाम छापा मारा गया था। मौके से दो सगी बहनों सहित चार युवतियों और चार युवकों को आपत्तिजनक स्थिति में गिरफ्तार किया। हालांकि संचालक पुलिस की पकड़ में नहीं आ सका। भेलूपुर थाने में सभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दो पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे और धारदार हथियार, फायरिंग का भी आरोप, पांच लोग घायल



सहारनपुर में खूनी संघर्ष = दो पक्षों के बीच जमकर लाठी-डंडे व धारदार हथियार चले। फायरिंग करने का भी आरोप लगाया गया है। संघर्ष में दोनों पक्षों के पांच लोग घायल हो गए हैं। सहारनपुर जनपद में सरसावा क्षेत्र के रायपुर गांव में किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच संघर्ष हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों के लोगों में जमकर लाठी-डंडे व धारदार हथियार चले। बताया गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर फायरिंग करने का भी आरोप लगाया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के घायलों को मेडिकल में भर्ती कराया।

दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे के विरुद्ध सरसावा थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस का कहना है कि अभी मुकदमा पंजीकृत नहीं हुआ है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार सरसावा थाना क्षेत्र के गांव रायपुर में रविवार देर रात राजपूत बिरादरी के दो पक्षों में किसी बात को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान दोनों पक्षों की ओर से जमकर लाठी-डंडे व धारदार हथियारों चले। खूनी संघर्ष में एक पक्ष के बंटी उर्फ अमरजीत, विकास उर्फ काला व संजीव राणा और दूसरे पक्ष के आकाश व विशु चोटिल हो गए।

उधर, जानकारी मिलते ही सरसावा पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को सरसावा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद सभी घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया गया कि एक पक्ष के अवनीश पुत्र महिपाल की ओर से छह लोगों के खिलाफ तहरीर दी गई है। वहीं दूसरे पक्ष के आकाश की तरफ से 12 लोगों के विरुद्ध तहरीर दी गई।कार्यवाहक थाना प्रभारी निरीक्षक राम संजीवन यादव ने कहा कि एक पक्ष के तीन और दूसरे पक्ष के दो लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को मेडिकल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

# शासकीय प्राथमिक शाला खोहिर का स्कूल पर लटका ताला, बच्चों के भविष्य के साथ हो रहा खिलवाड़

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




जिले के वनांचल क्षेत्र ग्राम पंचायत खोहिर में प्राथमिक शाला खोहिर सोमवार को बंद था। स्कूल में प्रधान पाठक चंद्रभान सिंह धुर्वे और धन सिंह स्वीपर तथा कबूतरिया रसोईया के पद पर पदस्थ हैं। इसके बावजूद सोमवार को स्कूल विराम पढ़ी हुई देखने को मिली। स्कूल में 3 कर्मचारी होने के बाद भी एक भी बच्चा स्कूल में नजर आने की बात तो दूर प्राथमिक शाला पर ताला लटकता हुआ दिखाई दे रहा है। प्राथमिक शाला कोहिर बच्चों के पढ़ाई करने की बात तो दूर बच्चे स्कूल में नजर नहीं आए। शिक्षक चंद्रभान सिंह ध्रुवे ने स्कूल चलाने के नाम पर शासन के पैसों का दुरुपयोग कर अपने निजी कार्य में बिजी हैं। उन्हें सिर्फ वेतन उठाने से मतलब हैं। वे अपने कर्तव्य को निभाने में सक्षम नहीं है, संकुल केंद्र भुन्डा संकुल प्रभारी रामशरण प्रजापति एवं संकुल शैक्षणिक समन्वयक दिलीप कुमार सिंह द्वारा बताया गया कि इस संबंध में मुझे कुछ पता नहीं है और ना ही शिक्षक के द्वारा छुट्टी का कोई अवकाश मेरे पास है। कैसे स्कूल बंद है यह शिक्षक समझे। प्रभारी ने अभी बताया की शिक्षक हाजिरी रजिस्टर का प्रजेंट कॉपी हमारे पास आज का आया हुआ है। स्कूल में शिक्षक नहीं हैं इसकी जानकारी हमें नहीं है।बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले शिक्षक चंद्रभान सिंह धुर्वे ने लगभग 12=00 के आसपास स्कूल बंद करके फरार हो गए ।और यहां पर न तो रसोईया ना तो स्वीपर और ना ही बच्चे उपस्थित थे। स्कूल मैं सिर्फ ताला लटका हुआ दिखाई पड़ा। जहां पर समयानुसार बच्चों का भविष्य निखारने का काम होना चाहिए वहां पर स्कूल वीरान देखने को मिला।

# बर्थडे पार्टी में जा रहे राघवेंद्र और अभिलाषा की हादसे में मौत, बाइक उछलकर ट्रैक्टर से टकराई



परिजनों ने बताया कि समथर और बहादुरपुर गांव के बीच ने अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक आगे जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली से जा टकराई। भतीजे की बर्थडे पार्टी में शामिल होने जा रहे हैं नव दंपती की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत हो गई। करीब 10 महीने पहले ही उनकी शादी हुई थी। समथर के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में पत्नी की मौके पर मौत हो गई, जबकि पति ने महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। दतिया के पंडोखर निवासी राघवेंद्र दोहरे ( 21 ) पुत्र किशोरीलाल प्राइवेट काम करता था। अप्रैल 2022 में उसकी शादी मोंठ के अशोक नगर निवासी अभिलाषा ( 19 ) से हुई थी। रविवार को अभिलाषा के भतीजे पंकज के बेटे का बर्थ-डे था। राघवेंद्र और अभिलाषा बर्थ-डे पार्टी में शामिल होने निकले थे। परिजनों ने बताया कि समथर और बहादुरपुर गांव के बीच ने अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद बाइक आगे जा रही ट्रैक्टर ट्रॉली से जा टकराई। हादसे में अभिलाषा की मौके पर मौत हो गई, जबकि राघवेंद्र घायल हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस भी पहुंच गई। दोनों को मेडिकल कॉलेज लाया गया। परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। यहां इलाज के दौरान राघवेंद्र की भी मौत हो गई। एक साथ दो मौत होने से घर में कोहराम मच गया।

# रामानुजनगर व प्रेमनगर स्थित ज्वेलरी दुकान से उठाईगिरी करने के मामले में 1 अंतर्राज्जीय चोर गिरफ्तार

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच



सूरजपुर- दिनांक 25.07.22 को रामानुजनगर निवासी चन्द्रदेव सोनी ने थाना रामानुजनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 25 जुलाई को स्वास्थ्य खराब होने पर जेवर दुकान को लड़का रितिक खोला था इसी दौरान 2 अज्ञात व्यक्ति काले रंग की पल्सर मोटर सायकल से दुकान पहुंचे और लॉकेट व चांदी का आभूषण दिखाने को बोले काफी देर के बाद दोनों वस्तु को खरीदे इसी बीच रितिक का ध्यान भटकाकर सोने का मंगलसूत्र 6 नग को चोरी कर अपने बैग में रखकर चले गए जिसकी जानकारी कुछ देर बाद हुई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 451, 380 भादसं के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। वहीं दूसरे मामले में दिनांक 27.08.22 को प्रेमनगर निवासी बृजमोहन प्रसाद सोनी ने थाना प्रेमनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 अगस्त को दोपहर में दो अज्ञात व्यक्ति इसके ज्वेलरी दुकान में आकर करीब 50 ग्राम सोने का लॉकेट चोरी कर ले गए।

# 4 वर्षो से उड़ीसा में फंसा व्यक्ति थाना भटगांव पुलिस के सहयोग से सकुशल लौटा अपने घर

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच




सूरजपुर- थाना भटगांव क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति दिनांक 17.10.19 को अपनी पत्नी को सूरजपुर जा रहा हूँ कहकर घर से निकला था जो करीब 4 वर्ष तक घर वापस नहीं आया था, परिजनों के द्वारा लगातार पता तलाश करते रहे और दिनांक 15.02.2023 को थाना भटगांव में इसकी सूचना देते हुए बताए कि वह उड़ीसा में कहीं काम कर रहा है वापस नहीं आ पा रहा है। मामले की सूचना से पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री रामकृष्ण साहू ( भा.पु.से. ) को अवगत कराने पर उन्होंने थाना प्रभारी भटगांव को उड़ीसा में फंसे व्यक्ति को सकुशल घर वापसी को लेकर जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिए ।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी भटगांव शरद चन्द्रा के द्वारा गुम इंसान की पतासाजी गंभीरतापूर्वक करते हुए नई तकनीक की मदद ली गई जिसके बाद पुख्ता तौर पर यह जानकारी हासिल हुई कि वह व्यक्ति थाना थेलकोली, जिला संबलपुर उड़ीसा में है। थाना थेलकोली के थाना प्रभारी से सम्पर्क कर उस व्यक्ति के बारे में पूरी जानकारी देते हुए उसके परिजनों का पूरा ब्यौरा ई-मेल और वाट्सएप के माध्यम से भेजा गया तथा उस व्यक्ति को उसके परिजनों के पास भेजने में सहयोग करने कहा गया। घर से निकला व्यक्ति अपने घर नहीं आ पा रहा था और स्टील फैक्ट्री में काम कर रहा था उसकी पुत्री का विवाह भी है जिसके कारण भी परिजनों में खुशी का माहौल है, पुलिस की संवेदनशीलता पूर्वक किए गए कार्य पर परिजनों ने पुलिस के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी भटगांव शरद चन्द्रा, एसआई सी.पी.तिवारी, प्रधान आरक्षक पवन सिंह, शत्रुधन पोर्ते, आरक्षक युवराज यादव, रौशन सिंह, प्रहलाद, शैलेष, रामचंद्र, रजनीश व भोला राजवाड़े सक्रिय रहे।

# लखनऊ में सौंदर्यीकरण के लिए लगाए गए पौधे चोरी, मुकदमा दर्ज, 80 हजार रुपये के थे पौधे

ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में लखनऊ के सौंदर्यीकरण के लिए लगाए गए पौधे चोरी हो गए। मामले में मुकदमा दर्ज किया गया है।ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान राजधानी लखनऊ को सुंदर बनाने के लिए लगाए गए पौधे चोरी होने लगे हैं। गोमतीनगर विस्तार इलाके के बाद अब



नया मामला सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में सामने आया है।

यहां बड़ी संख्या में पौधे चोरी हो गए। फर्म के संचालक ने सुशांत गोल्फ सिटी थाने में केस दर्ज कराया है। बस्ती निवासी अर्पित प्रताप सिंह की सुशीला इंटरप्राइजेज फर्म है। समिट के लिए उन्हें लुलु मॉल से रायबरेली रोड तक पौधे लगाने का ठेका मिला था। अर्पित के मुताबिक उन्होंने कई जगह गमले रखवाए थे। कुछ जगह पर तीन से चार फीट तक के पेड़ लगाए गए थे। समिट के समापन के बाद जी-20 के कई आयोजन थे, इसलिए पौधे हटाए नहीं गए। करीब 200 पौधे चोरी हुए हैं। उन्होंने बताया कि एक पौधे की कीमत करीब 400 रुपये के करीब है। ऐसे में 80 हजार रुपये के पौधे चोरी हो गए। अर्पित के मुताबिक बड़ी संख्या में पौधे गायब होने के बाद बचे हुए पौधों को उन्होंने नर्सरी में रखवा दिया है। साथ ही सुशांत गोल्फ सिटी थाने में मुकदमा दर्ज कराया है।